हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024


तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 15.3 डिग्री


9 आढ़तियों को प्रति क्विंटल 282 रुपये देना होगा ...





10 नया बांस का स्कूल चोरों के निशाने पर, महीने में ...





Farm House
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF
ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN


## शहर में आज

- महम में सीएम सैनी की जनसभा 11 बजे से
- मैना टूरिज्म में हरियाणवी कलाकारों की पत्रकार वार्ता दोपहर 2 बजे
- राजीव गांधी विद्युत भवन में उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाएंगी 11 से 1.30 बजे तक
- मदवि के दृश्य कला विभाग द्वारा टैगोर सभागार में कला प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से
- **बिजली कट:** सुबह 9 से 12 बजे तक, सेक्टर-5, जसबीर कॉलोनी, कबीर कॉलोनी, विकल्प स्कूल वाली गली, राम गोपाल कॉलोनी, वसंत विहार, इंद्रप्रस्थ पंचवटी, ताऊ नगर, सेक्टर-4 एक्सटेंशन, आईटीआई, सीटीआई, आशियाना फ्लैट की सप्लाई बंद रहेगी
- सुबह 10 से 1 बजे तक प्रेम नगर, दुर्गा कॉलोनी सुखपुरा चौक, कैलाश कॉलोनी, चंद नगर में बिजली सप्लाई बाधित रहेगी

# आज से नवरात्र शुरू, 40 रुपये दर्जन वाला केला 70 तो 80 वाला संतरा 120 रुपये में बिक रहा, टमाटर के भाव भी दोगुने हुए

**महंगाई की मार**

- फलों के दाम 30 प्रतिशत बढ़े आलू 14 रुपये से बढ़कर 20 रुपये किलो पहुंच गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चैत्र मास के नवरात्रे आज से शुरू हो गए हैं। अब नौ दिनों तक मां के विभिन्न 9 स्वरूपों की पूजा अर्चना होगी। इसको लेकर शहर के सभी मंदिर सज गए हैं। भक्त मां की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे। वहीं, नवरात्र शुरू होने के साथ ही फलों और सब्जियों के रेट में भारी उछाल आ गया है। लगभग सभी फल तीस प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं। केला सप्ताह पहले तक 40 रुपये दर्जन बिक रहा था जो अब 70 रुपये हो गया है। इसी तरह संतरा 80 रुपये किलो था जो 120 रुपये किलो बिक रहा है। अंगूर की कीमत भी प्रति किलो 40 रुपये बढ़ गई है। अंगूर एक सप्ताह पहले तक 100 रुपये किलो में बिक रहा था जो 140 रुपये हो गय है। वहीं, दूसरी ओर सब्जियों के दाम भी बढ़े हैं, नवरात्र में सबसे ज्यादा प्रयोग में लाए जाने वाले आलू 14 रुपये से बढ़कर 20 रुपये किलो हो गए हैं। वहीं, टमाटर के दाम भी दोगुने हो गए। एक सप्ताह पहले टमाटर 25 रुपये किलो मिल रहा था अब 50 रुपये किलो भाव हो गया है। आने वाले दिनों में कीमत और बढ़ने की संभावना हैं। वहीं, सोमवार को गोकर्ण डेरे पर महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज व बाबा कमल पुरी महाराज ने खेत्री बीजी। साथ ही अखंड ज्योत प्रचंड की।



**रोहतक।** अखंड ज्योत प्रचंड करते महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज व बाबा कमल पुरी महाराज। फोटो : हरिभूमि

### 17 अप्रैल को होगा समापन

नवरात्र का समापन 17 अप्रैल को होगा। जिसमें श्रद्धालु मां भगवती के विभिन्न स्वरूपों की पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना करेंगे। पंडित पवन भारद्वाज ने कहा कि नवरात्रे के पहले दिन भक्त घरों में कलश की स्थापना करते हैं। सभी माता के मंदिरों में तैयारियां की जा चुकी हैं। माता की पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं लोग खरीदारी भी कर रहे हैं।

### आकर्षक लाइटों से सजे मंदिर

शहर के सभी मंदिर आकर्षक लाइटों से सज गए हैं। दुर्गा भवन मंदिर, संकट मोचन मंदिर, गुफा वाला मंदिर, श्री दुर्गा महारानी मंदिर, माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों की साज सज्जा देखते ही बनती है। अब 9 दिनों तक मंदिरों में सुबह व शाम को भजन कीर्तन होगा। नौ दिनों तक अखंड ज्योत के भक्त दर्शन करेंगे।

### फलों के रेट

| फल | सप्ताह पहले | अब |
|---|---|---|
| संतरा | 80 | 120 |
| अंगूर | 100 | 140 |
| कीनू | 20 | 40 |
| तरबूज | 15 | 30 |
| केला | 40 | 70 |
| अमरूद | 40 | 70 |
| अनार | 100 | 140 |

### सब्जियों के रेट

| | | |
|---|---|---|
| टमाटर | 25 | 50 |
| आलू | 14 | 20 |
| मटर | 40 | 70 |




हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार 9 अप्रैल 2024





चैत्र नवरात्र विशेष

चैत्र नवरात्र वसंत के समय आता है, ऐसे में जहां प्राकृतिक परिवर्तन पुराने आवरण को त्यागकर नएपन को वरण करने का संदेश देता है, वहीं मां शक्तिस्वरूपा की पूजा-अर्चना से मन में व्याप्त दुर्बलता को मिटाने, नवशक्ति-नवऊर्जा के आह्वान की कामना का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। इसीलिए स्त्रियां इस पावन अवसर पर पूरी आस्था से मां भगवती की आराधना करती हैं, अपने और अपनों के जीवन में नवचेतना का संचार करती हैं।

## मन की शक्ति जुटाने का पावन पर्व

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

प्रकृति के नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र, मन में नव ऊर्जा जगाने का माध्यम बनते हैं। नव उल्लास लिए आस्था के ये नौ दिन मां शक्ति को साधने का अवसर तो हैं ही, स्वयं अपने मनोबल को जुटाने के दिन भी हैं। ईश्वरीय आस्था की ओज और मन का बल पाने के इन उत्सवीय दिनों को स्त्रियां बेहद प्रेम और उत्साह के साथ मनाती हैं। उपवास, अनुष्ठान, अपनों की कुशलता की कामना और मां आदिशक्ति की उपासना। सब कुछ मन से जुड़ा सा। अपनेपन को पोसता सा। कठिनाइयों पर जीत और सुख के दौर में संयमित रहने की चाह लिए। नवरात्र में स्त्रियां, मां भगवती से हर जद्दोजहद, हर परिस्थिति में विजयी होने का आशीष मांगती हैं।

### मन का सकारात्मक रुख

नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है, यह मान्यता भर नहीं है। इन नौ दिनों में मन सचमुच सकारात्मक रुख अपना लेता है। उपासना के नियम जीवन में अनुशासन ले आते हैं। घर में सकारात्मक ऊर्जा दस्तक देती है। सब कुछ अच्छा होने का विश्वास प्रबल होता है। खिले-खिले प्राकृतिक परिवेश में यह महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए मन की असीम शक्तियों से मिलवाता है। महिलाएं, नव पल्लवों से सज रहे कुदरत के पोर-पोर और इठलाती धरा के इस मौसम में उल्लासमयी ऊर्जा और सकारात्मक सोच पाने का आह्वान करती हैं। आस-पड़ोस की स्त्रियां मिलकर भी कई साझे अनुष्ठान करती हैं। घर-परिवार के साथ-साथ परिवेश और समाज की खुशहाली की भी कामना करती हैं। स्त्रीमन में मौजूद यह साझा भाव मां शक्ति के और करीब ले जाता है। महादेवी की उपासना के इस पर्व को मनाते हुए उनका मन प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता से भर उठता है। असल में जीवन के हर पक्ष पर मौजूद परिस्थितियां महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि उनकी आस्था भी साझे सरोकार से जुड़ी होती है।

### नई शुरुआत का अवसर

चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नव वर्ष, नवसंवत्सर की शुरुआत होती है। नव वर्ष की शुरुआत का यह दिन सृष्टि के आरंभ का भी दिन माना जाता है। इस समय प्रकृति भी मन जीवन की नई चेतना जगाने का संदेश देती नजर आती है। पेड़ों पर फूटती कोपलें समझाती हैं कि पतझड़ के बाद नयापन भी दस्तक देता है। जीवन के इन बदलते रंगों को स्त्रियां बखूबी समझती हैं। कभी मन का हरापन तो कभी हालात का रूखापन। कभी रिश्तों की बदलती परिभाषा तो कभी समाज के सख्त बंधन। माता-पिता का घर छोड़ अपनी गृहस्थी बसाने से लेकर प्रसव पीड़ा झेलकर नया जीवन पाने तक, महिलाएं जीवन में कई बार नई शुरुआत करती हैं। नएपन के प्रति मन में सहज स्वीकार्यता रखती हैं। मौसम की बदलती करवट के साथ आने वाला माता भगवती के पूजन का यह उत्सव भी मन-



जीवन को नएपन से जोड़ता है। जड़ता और ठहराव को दूर करती ऊर्जा का संचार करते वासंतिक नवरात्र, चेतना और सजगता के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देते हैं। स्त्रियां भी उम्र और परिस्थितियों के मुताबिक माता दुर्गा से नई शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ने और जागृत सोच को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मानसिक बल और आशीष मांगती हैं।


### मन-जीवन के धरातल से जुड़ा पक्ष

स्त्रियों की सोच और बर्ताव दोनों जीवन के व्यावहारिक पक्ष से जुड़े होते हैं। उनकी यह समझ समाज और परिवार की धुरी है। जीवन को वास्तविक धरातल पर पोसती है। समझना जरूरी है कि नवरात्र का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से ही नहीं, जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलुओं से भी जुड़ा है। नौ दिन के उत्सवीय अनुष्ठान के पीछे वैज्ञानिक चिंतन लिए तार्किक पक्ष भी शामिल है। *'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* यानी 'हे मां आप सब कुछ शुभ करने वाली हैं, आप कल्याणकारी हैं, आप सबके मनोरथों को पूरा करने वाली हैं, आप शरण ग्रहण करने योग्य हैं। हे नारायणी आपको हमारा प्रणाम हैं।' इस मंत्र के कल्याणकारी भाव का वास्तविक रूप जीवन में देखने को मिलता है। हर साल ऋतु परिवर्तन के इस समय कई तरह के मौसमी रोग फैलते हैं। नवरात्र में खान-पान का अनुशासन और सबकी कुशल कामना से जुड़ा आस्था का भाव इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। प्रार्थना, जप और ध्यान हर इंसान को भय, अवसाद, कटुता और नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को विषमुक्त करती है। विचार और व्यवहार का यह अनुशासन इस मौसमी बदलाव के दौर में भी स्वस्थ और सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। ऐसी स्थितियां हर मनोरथ को पूरा करने वाली परिस्थितियां बनाती हैं। सभी के लिए कल्याणकारी साबित होती हैं।

### हौसला जुटाने का अनुष्ठान

मां के रूप में स्वयं महिलाओं को भी अपने बच्चों को हिम्मत के साथ जीना सिखाना होता है। परिस्थितियों से जूझने का पाठ पढ़ाना होता है। ऐसे में इस महापर्व पर आस्था और विश्वास से भरे मन की असीम शक्तियों को साधते हुए महिलाएं जीवन रण में जीतने का आशीर्वाद भी मांगती हैं। सब कुछ संभालते स्वयं को बचाए रखने का बल जुटाती हैं। नया रचने, सीखने और समझने के कामों से जुड़े रहने की चाह रखने वाली स्त्रियां जीवन के हर मोर्चे पर खुद को साबित करने का हौसला चाहती हैं। दायित्वों के निर्वहन की भाग-दौड़ में अधिकतर स्त्रियां अपनी शक्ति को भुला बैठती हैं। अपने ही गुणों की उपेक्षा करती हैं। संबंधों को सहेजने के लिए उनका संवेदनशील मन झुकना-सहना सीख जाता है। दुखद है कि कई बार इन मानवीय गुणों का मोल नहीं समझा जाता। ऐसे में स्वयं के लिए लड़ने की दरकार होती है। नकारात्मकता का प्रतिकार आवश्यक हो जाता है। अपनी शक्ति को समझने का जतन जरूरी लगने लगता है। महिलाएं, मां भगवती से अपने इसी सामर्थ्य को पहचानने का वर मांगती हैं। मान्यता है कि नवरात्र में मां शक्ति की पूजा कर प्रभु श्रीराम ने भी शक्ति जाग्रत की थी। यही कारण है कि मां गौरी की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का पावन अनुष्ठान भी है।

## आत्मसम्मान के साथ हासिल करें अपना मुकाम



आप घरेलू महिला हों या कामकाजी, अपना स्वाभिमान-आत्मसम्मान बनाकर रखिए। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप मुखर हों, सबसे बहस करें। अपनी समझदारी और विनम्रता से आप सबके बीच सम्मान पा सकती हैं, अपनी सफलता की राहें बना सकती हैं।

आत्मप्रेरणा / शिखर चंद जैन

कई महिलाएं अच्छी-खासी पढ़ी-लिखी और काबिल होती हैं, लेकिन अकसर अपने परिवार, अपनी सोसायटी और वर्कप्लेस पर लोगों के सामने दबी-सहमी सी रहती हैं। ये महिलाएं 'लो' फील करती हैं, दूसरों के सामने कुछ कहने में हिचकती हैं। इन्हें लगता है कि अपने विचार रखने पर कहीं उनकी छवि मुंहफट या झगड़ालू महिला की न बन जाए। यहां यह भी समझना होगा कि अगर आप यह सोचती हैं कि अपने स्वाभिमान-आत्मसम्मान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए मुखर होने, लड़ाई-झगड़े करने या शोर मचाने की जरूरत होती है, तो ऐसा कुछ नहीं है। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर विनम्रता के साथ अपना आत्मसम्मान बनाए रख सकती हैं, स्ट्रॉन्ग और सक्सेसफुल वूमेन बन सकती हैं।



**खुद को न समझें कमतर:** अकसर होममेकर या वर्किंग वूमेन भी खुद को कमतर आंकती हैं। चाहे हॉबी हो या खान-पान की पसंद, अपनी च्वाइस को दरकिनार कर अपने परिवार के सदस्यों की पसंद को ही महत्व देती हैं। कभी-कभी ऐसा करना व्यावहारिक भी है और उचित भी। लेकिन अगर आप हमेशा कंप्रोमाइज करके अपनी पसंद की कुर्बानी देती रहेंगी तो धीरे-धीरे घर के दूसरे लोग आपको 'टेकन फॉर ग्रांटेड' लेंगे और वे सिर्फ अपने बारे में सोचेंगे। जाहिर है, तब आपकी पसंद-नापसंद के बारे में न कोई पूछेगा और न ही उसे खास तवज्जो देगा। इससे आप अपने आपको अपमानित और उपेक्षित महसूस करेंगी।

**कंफर्ट जोन में रहने की आदत छोड़ें:** याद रखें, कामयाबी की राह कभी आसान नहीं होती। अगर आपको आगे बढ़ना है, समाज-परिवार में सम्मान पाना है, तो आराम और सुविधा से ही सब कुछ हासिल करने के प्रयास आपके लिए नुकसानदायक होंगे। हमेशा कंफर्ट सिचुएशन में रहने की बजाय आपको उन कामों के लिए मेहनत करनी होगी, जिनसे आप आगे चलकर मजबूत बनें और खुद को स्थापित कर सकें। इसके लिए आपको क्रिएटिव और मेहनती बनना होगा, आगे बढ़कर लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करनी होगी।

**अपने प्रियजनों का रखें ध्यान:** कई बार हम अतिरेक में या ओवर कॉन्फिडेंस में ऐसे लोगों की उपेक्षा करने लगते हैं, जो हमारी जिंदगी में अहम जगह रखते हैं। अपने नजदीकी संबंधियों और मित्रों को कभी नजरअंदाज न करें। ये लोग ही आपके अच्छे और बुरे समय में आपके साथ आकर खड़े होंगे। ये आपके सपोर्ट सिस्टम का खास हिस्सा होते हैं, यही आपको सही सलाह देते हैं। इसलिए जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए अपने रिश्ते मजबूत रखने जरूरी हैं।

**अपने अंतर्मन की सुनें:** अगर किसी सिचुएशन या व्यक्ति के बारे में आपका दिल कुछ कहता है, तो अपने दिल की बात सुनें। अंतर्मन की आवाज कभी गलत नहीं होती, आपको उस पर पूरा भरोसा करना चाहिए। जब आप खुद पर यकीन करना सीख जाएंगी, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा, दूसरे लोग भी आप पर यकीन करेंगे।

### वित्तीय मामलों में रहें आत्मनिर्भर

आप घरेलू महिला हैं, आपको छोटे-छोटे खर्चों के लिए घर के पुरुष सदस्यों के सामने हाथ फैलाना पड़ता है, तो सबसे पहले इस स्थिति से बाहर निकलें। यदि आपको घर के काम से जरा भी फुर्सत नहीं मिलती है तो खुलकर कह दें कि आपको हर महीने एक निश्चित रकम पति या बेटा बिना मांगे दें। यदि ऐसा नहीं हो तो आप घर के कुछ काम दूसरों के जिम्मे सौंपकर अपना आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए अपनी आय के स्रोत बनाकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनें। भले ही आप कोई फुलटाइम जॉब न करें, लेकिन कम से कम इतना जरूर करें, जिससे आपकी नियमित आय हो, इससे आपके छोटे-मोटे खर्चे पूरे होंगे। ऐसा कोई भी काम आप घर से भी कर सकती हैं।

नवरात्र के दौरान कई लोग पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। अगर आप भी व्रत रख रही हैं तो इस दौरान अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का आपको सामना न करना पड़े।

## व्रत के दौरान रखें अपनी डाइट का ध्यान

डाइट सजेशन
आशु गुप्ता, डाइटीशियन

नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही आप व्रत भी जरूर रखेंगी। लेकिन अगर आप पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा, इसके लिए व्रत के दौरान आपको सही और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे आपको डाइजेशन संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी और आप हेल्दी और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगी। व्रत के दौरान कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए जरूरी सजेशन-



**डेयरी प्रोडक्ट्स :** नवरात्रों के दौरान व्रत में खाने योग्य कई तरह के स्नैक्स मार्केट में मिलने लगते हैं। लेकिन इनमें से कई स्नैक्स हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। इनके बजाय आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकती हैं। आप दही खा सकती हैं या दूध पी सकती हैं, इससे आपको व्रत में पाचन संबंधी परेशानी नहीं होगी। कुछ लोग दूध का शेक बनाकर पी लेते हैं। इससे बहुत ज्यादा कैलोरी इनटेक होने की वजह से आपको लूज मोशन होने की आशंका रहती है। इसलिए इसके बजाय सादा गुनगुना दूध ही पिएं।

**खूब पानी पिएं :** मौसम में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपको व्रत के दौरान पानी की उचित मात्रा पीने की आवश्यकता होती है।



इसलिए आप पूरे दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी और पानी की कमी की वजह से होने वाली प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी। व्रत में बॉडी हाइड्रेट रहती है तो शरीर को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।



**ड्राय फ्रूट्स :** आप जानती ही होंगी कि सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में बहुत सहायक होते हैं। इसलिए व्रत के दौरान आप ड्राय फ्रूट्स भी खा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप मेवों को सूखा न खाकर इन्हें कुछ देर के लिए पानी में भिगोने के बाद खाएं। सूखे मेवे शरीर में ड्रायनेस बढ़ा देते हैं लेकिन जब आप इन्हें भिगोकर खाती हैं तो इनकी तासीर बदल जाती है और ये ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं।

**फ्रूट्स-वेजिटेबल्स:** अगर आप नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस दौरान शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी न हो जाए। इसके लिए व्रत के दौरान आपको फल और सब्जियों का सेवन करते रहना चाहिए। फलों में खरबूजा और तरबूज आप खा सकती हैं। अगर आप इनको खाएंगी तो आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा। इनके अलावा आप अन्य फलों जैसे सेब, अंगूर, संतरा या केले का भी सेवन कर सकती हैं। इसी तरह आप सलाद भी खा सकती हैं। एक प्लेट ताजी सब्जियों का सलाद आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से आपको कमजोरी नहीं महसूस होगी। सलाद में आप खीरा, टमाटर, चुकंदर, ककड़ी, गाजर आदि खा सकती हैं। अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहती हैं तो फलों और सब्जियों की चाट बनाकर भी खा सकती हैं।

प्रस्तुति:निधि गोयल

परवरिश / सरस्वती रमेश

## बेटियों को सशक्त बनाना ही है असली कन्या पूजन

नवरात्र में हम कन्या पूजन कर बेटियों को सम्मान देते हैं। लेकिन क्या इस तरह सिर्फ सम्मान कर देना काफी है? या इस असुरक्षित समय में अपनी बेटियों, परिवार, पड़ोस की बच्चियों को मां दुर्गा के समान ही शक्ति-पुंज बनाने की जरूरत है? निश्चित ही बेटियों को सशक्त बनने की जरूरत है। इसके लिए हमें रखना होगा कुछ बातों का विशेष ध्यान-



**भेदभाव न करें:** हमारे घर-परिवार और समाज में बेटे-बेटी की परवरिश में आज भी भेद किया जाता है। बेटा है तो क्रिकेट, फुटबॉल खेलने बाहर जाएगा। बेटी है तो घर के अंदर ही गुड्डे-गुड़ियों से खेलेगी। समाज की एक और सोच लड़कियों को फिजिकली फिट रहने से रोकती है। यह सोच है उछल-कूद करने वाली, दौड़ने-भागने वाली लड़कियां अच्छी नहीं मानी जातीं। इसी सोच के चलते कठोर और आसान कार्यों के बीच विभाजन हुआ और लड़कियों को बचपन से ही चूल्हा-चौके की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार किया जाने लगता है। इस तरह बचपन से ही लड़कियों का शारीरिक विकास अवरुद्ध होने लगता है। साथ ही वो बाहरी दुनिया से बिल्कुल कट जाती हैं। अब ये स्थितियां बदल रही हैं, लेकिन अभी मंजिल बहुत दूर है। इस बार नवरात्र में जब कन्या पूजन करें तो अपनी बच्चियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का भी प्रण लें। ताकि वे आस-पास फटकने वाले खतरों से निपटने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम बनें।

**शिक्षा से सशक्तिकरण:** एक शिक्षित स्त्री अपने भीतर की शक्तियों को अच्छे से पहचान कर घर-परिवार, समाज के विकास में योगदान देती है। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली प्रकार जानती है। इसलिए कन्या पूजन के साथ कन्या शिक्षण भी जरूरी है। अपनी बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएं।

**लोगों को परखना सिखाएं:** जहां अच्छाई है, वहां बुराई भी होगी। लेकिन बुराई से डरकर अपनी बच्चियों को घरों में कैद कर लेना बुद्धिमानी नहीं है। उन्हें बुराई की पहचान करने के लिए जागरूक बनाना होगा। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। जिस तरह मां दुर्गा ने बुराई का अंत करने के लिए त्रिशूल उठाया, इसी तरह हमें अपनी बेटियों को भी आत्मरक्षा के लिए साहस, शक्ति का हथियार चलाने की सीख देनी होगी।

जब हम इन बातों को ध्यान में रखकर अपनी बेटियों की परवरिश करेंगे, तभी सार्थक होगा शक्ति का पूजन और कन्या पूजन।

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

आज से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। आपने आज व्रत रखा होगा और आने वाले दिनों में भी व्रत रखेंगी। इसीलिए इस बार हम आपको व्रत के दौरान खाने के लिए कुछ पौष्टिक-स्वादिष्ट फलाहार व्यंजनों की रेसिपी बता रहे हैं।

## नवरात्र में बनाएं व्रत वाले फलाहार

### साबूदाना पोटेटो पकोड़े



**सामग्री:** मध्यम आकार के उबले आलू-200 ग्राम, राजगिरे का आटा-100 ग्राम, बारीक कटा अदरक-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी मिर्च-2, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, पिसी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-तलने के लिए

**विधि:** आलुओं को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री आलुओं के साथ मिला लें। कड़ाही में घी गर्म करें। चम्मच की सहायता से आलुओं को पकोड़ों की तरह कड़ाही में डाल कर मीडियम फ्लेम पर सुनहरा होने तक तलें। अब पकोड़े निकालें और व्रत वाली हरी चटनी के साथ गर्म-गर्म सर्व करें।

### राजगिरा स्वीटी



**सामग्री:** राजगिरा -3/4 कप, दूध-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/3 कप, कटा पिस्ता-2 छोटे चम्मच, आधा कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, इलायची का पावडर-चुटकी भर

**विधि:** सबसे पहले राजगिरे को 2 कप पानी में डालकर 4 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में उबालें। आंच बंद कर कुकर का प्रेशर अपने आप निकल जाने पर उसमें दूध मिलाकर गाढ़ा होने तक धीमी आंच पर चलाते हुए पकाएं। अब कंडेंस्ड मिल्क और इलायची पावडर मिलाकर 2 मिनट और पकाएं। इसे बाउल में निकालें। ऊपर से कटा पिस्ता और बादाम डाल कर सर्व करें।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा किया जाए

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन डिपो कमेटी की मीटिंग यूनियन कार्यालय नया बस स्टैंड पर सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान नरेश सिवाच ने और संचालन सचिव जयकुंवार दहिया ने किया। राज्य महासचिव सुमेर सिवाच, जयकुंवार दहिया, सतबीर मुंढाल व नरेश सिवाच ने बताया कि यूनियन द्वारा महाप्रबंधक को कर्मचारियों की समस्याओं बारे मांग पत्र दिया गया था। लेकिन आजतक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। डिपो के निलंबित परिचालकों के पक्ष में अधिकारियों द्वारा निर्णय देने के बाद भी दूसरे डिपो में कार्य करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जबकि रोहतक डिपो में परिचालकों की भारी कमी है।



### पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार को परेड़ का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार ने परड़े की सलामी ली तथा पुलिस अधिकारियों-जवानो को दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया, उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप व उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र सिंह रहे है।



### विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में चलाया कैफेटेरिया

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में कैफेटेरिया का आयोजन किया गया। 'स्वस्थ खाओ और स्वस्थ रहो' थीम पर गृह विज्ञान और क्रिएटिव विजन समिति की 25 छात्राओं ने पौष्टिक व्यंजन जैसे पूरन पोली, पोहा, चुकंदर की लस्सी, दही वड़ा, केक और बाजरे की टिक्की आदि बनाए और बिक्री भी की। प्राचार्य डॉ. रश्मि लोहचब ने कैफेटेरिया का रिबन काटकर उद्घाटन किया व उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा आयोजन छात्राओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करता है।

### राजकीय स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

**सांपला।** गांव अटायल के राजकीय स्कूल में सोमवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा रही। उन्होंने प्राचार्य रजनी शर्मा द्वारा नए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके अलावा पहुंली से नौवीं कक्षा तक श्रेष्ठ रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

## कमीशन मिलता है 70 रुपये, महम मंडी में 3 दिन से सरसों की खरीद बंद

# आढ़तियों को प्रति क्विंटल 282 रुपये देना होगा टैक्स



**महम।** मंडी सचिव रामनिवास से मिलकर अपनी समस्या बताते आढ़ती।



**महम।** कस्बा महम की अनाज मंडी में पड़ी सरसों की ढेरियां।

### पांच प्रतिशत जीएसटी लागू करने से नाराज महम मंडी के आढ़ती, सरसों की खरीद न होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम अनाज मंडी में पिछले तीन दिन से सरसों की खरीद का कार्य बंद पड़ा है। शुक्रवार तक यहां पर हैफेड के जरिए नेफेड सरसों खरीद कर रही थी। 26 मार्च से यहां पर सरसों की खरीद का कार्य सुचारू रूप से चल रहा था। शनिवार से यहां हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन ने सरसों की कॉमर्सियल खरीद शुरू कर दी। जिसके तहत आढ़तियों को बताया गया कि अब उनको पांच प्रतिशत जीएसटी देना पड़ेगा। यानि प्रति क्विंटल 282 रुपये आढ़तियों को टैक्स के रूप में देने होंगे। जो कि डेढ़ साल बाद उन्हें वापस मिलेंगे। जबकि आढ़ती को प्रति क्विंटल 70 रुपये कमीशन मिलता है। इस तरह आढ़तियों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए महम अनाज मंडी में सरसों की खरीद का काम शनिवार से बंद कर दिया गया है। इस बात से नाराज महम अनाज मंडी के आढ़ती मार्केट कमेटी के सचिव रामनिवास से मिले। उन्होंने मौके पर ही वेयर हाउस के परचेजर बुलाए। आढ़तियों ने उनके सामने अपनी समस्या रखी। परचेजर ने डीएम से आढ़तियों की फोन पर बात करवाई। लेकिन बावजूद इसके समस्या का हल नहीं निकल सका। सरसों की खरीद न होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आढ़तियों के प्रतिनिधिमंडल में धर्मबीर, रामनिवास, सुखबीर, सुनील चेयरमैन, संदीप राठी, नरेश, कृष्ण, बादाम, गोरा और ढिलू आदि शामिल थे।

#### महम अनाज मंडी में हो चुकी 36 हजार 668 क्विंटल सरसों की आवक

महम अनाज मंडी में अब तक 36668 क्विंटल सरसों की पहुंच चुकी है। जिसमें से 29619 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है। खरीदी गई फसल में से 28987 क्विंटल सरसों का उठान भी हो चुका है। महम अनाज मंडी में 26 मार्च से सरसों की खरीद का कार्य शुरू हो गया था। मंडी के उपसचिव बसंत कुमार ने बताया कि किसानों की सरसों 5650 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी जा रही है।

## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. मारकंडे आहूजा

अपनी श्रेष्ठ परंपराओं को विस्मृत करने वाला समाज नष्ट हो जाता है। 9 अप्रैल को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा है तथा नव संवत्सर का आरंभ है। इस उत्सव को हम सब उत्साहपूर्वक मनायें। घरों पर ओम अंकित भगवा ध्वजा फहरायें, रंगोली सजाएं, हवन आदि धार्मिक कृत्य कर व्यक्तिगत एवं सामाजिक उन्नति का संकल्प लें। ये विचार लोकोपासना न्यास द्वारा शहीद मदनलाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र में आयोजित नव संवत्सर उत्सव में मुख्य वक्ता डॉ. मारकंडे आहूजा ने व्यक्त किये। उन्होंने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का प्राकृतिक और ऐतिहासिक महत्व विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचीन हनुमान मंदिर के प्रधान विजय कुमार विज ने की। पूर्व मेयर मनमोहन गोयल तथा समाजसेवी विमल मिनोचा मुख्य अतिथि रहे। पंडित राकेश शर्मा ने नव वर्ष एवं ईश्वर भक्ति के गीत सुनाये। न्यास के अध्यक्ष सतीश सिंधवानी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नवसंवत्सर हमारे पूर्वजों के शौर्य और पराक्रम का स्मरण कराता है। विमल मिनोचा ने भारतीय नव वर्ष का महत्व बताया। रवींद्र मक्कड़ ने भी नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए गुलशन शर्मा, सुभाष शर्मा ब्राह्मण सभा, शादीलाल मलिक, महेंद्र पसरीजा, गुलशन उप्पल पंजाबी विकास सभा, सोमनाथ शर्मा, सतीश सुनेजा, राजेंद्र शर्मा, दया प्रकाश अरोड़ा दादी मां रसोई एवं मनोज मक्कड़ को अंग वस्त्र भेंट कर न्यास के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। मंच संचालन अंकुर अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम में रमेश सचदेवा, महेंद्र पसरीजा, तिलकराज जुनेजा, राजकुमार, अनिल मेहंदीरत्ता, गुलशन इशपुनियानी, मनोहर विरमानी, अशोक कुरडा, गुलशन खेत्रपाल, यशपाल भाटिया आदि मौजूद रहे।

## शेयर मार्केट में रुपये कमाने का झांसा देकर 38 लाख की ठगने वाला तीसरा आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस की साइबर क्राइम की टीम ने शेयर मार्केट में रुपये कमाने का झांसा देकर करीब 38 लाख रुपये की ठगी की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि प्रेम नगर चौक निवासी विकास ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि 25 अक्टूबर 2023 को विकास ने अपनी फेसबुक से टाइम लाइन में एक शेयर मार्केट में काम सिखाने का एक फोटो दिखाई दिया। विकास ने उस लिंक पर क्लिक किया तो एक बेवसाइट खुली। बेवसाइट पर विकास ने अपना रजिस्ट्रेशन किया तो उस पर एक लिंक आया। लिंक ओपन करने पर विकास एक व्हाटसअप ग्रुप में जुड गया। शेयर मार्केट सीखने के लिए लिंक भेजा गया। जिसमें शेयर मार्केट सीखने की आडियों चलती थी। ग्रुप में शेयर खरदीने बारे सूचना सांझा करते थे। ग्रुप में अन्य व्यक्ति प्रोफिट होने की फोटो शेयर करते थे। 2 नवंबर 2023 को विकास के मैसज आया जिसने अपना नाम ममता रावत बताते हुए शेयर मार्केट में रुपये इंवेस्ट करने बारे कहा। ममता रावत ने एक लिंक में भेजा जिसमें अंकाउट से संबंधित व शेयर शेयर खरीदने के लिए रुपये जमा करने की जानकारी शेयर की जाती थी। ममता ने विकास के पास एक और एपीके फाइल नाम का एक लिंक भेजा। विकास ने लिंक को ओपन किया तो उसके मोबाइल में एक फाइल डाउनलोड हुई। फाइल ओपन करने पर विकास के मोबाइल में नाम से एक ऐप इंस्टाल हो गई। विकास ने अपना रजिस्ट्रेशन कर ट्रेडिंग शुरु की। विकास जब भी पैसो की ट्रांजेक्शन करता था तो उस ऐप की आईडी वॉलेट में पैसे दिखाई देते थे। विकास शेयर खरीदने के लिए अलग-2 तारीख में पैसे ट्रांसफर करता रहा। विकास को आईपीओ में पैसे लगाकर रुपये ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। विकास अपनी आईडी के वॉलेट से पैसे निकालने के लिए जब भी रिक्वेस्ट भेजता उसे रिजेक्ट कर विकास को और ज्यादा मुनाफे की बाते कही। विकास ने उनकी बातों में आकर कुल 37 लाख 79 हजार 481 रुपये अपने खाते से ट्रांसफर कर दिए। जांच के दौरान 7 अप्रैल को आरोपी को सुशांत निवासी गुरुग्राम को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह में शामिल रहे दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुक है।

## चोरी की तीन वारदातों में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- आरोपी के खिलाफ चोरी, स्नेचिंग, लूट आदि के रोहतक, भिवानी व झज्जर में 5 मामले दर्ज है

पुलिस ने चोरी की तीन वारदातों को हल करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि डीएलएफ कॉलोनी निवासी मनसिगर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 5 अप्रैल को मनसिगर अपनी मोटरसाइकिल लेकर गांधी कैंप गया हुआ था। मनसिगर दुकान के आगे मोटरसाइकिल को खड़ा कर चला गया। करीब 2 घंटे बाद मनसिगर को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। जांच के दौरान 7 अप्रैल को आरोपी आशु उर्फ काला निवासी सुनारिया कला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ चोरी, स्नैचिंग, लूट आदि के रोहतक, भिवानी व झज्जर में 5 मामले दर्ज है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गांव लाखनमाजरा निवासी सौरभ की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 5 अप्रैल को सौरभ अपनी मोटरसाइकिल को लाखनमाजरा चौक सरकारी स्कूल के पास खड़ी कर बस से कॉलेज चला गया। सौरभ के वापिस आने पर उसे अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। जांच के दौरान 7 अप्रैल को आरोपी अमित व रविन्द्र निवासी रिढाणा जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि बैंक कॉलोनी निवासी शिवनारायण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि शिवनारायण ठेकेदारी का काम करता है। शिवनारायण ने फर्म कर रखी है और 6 हाईवा ट्रक है। शिवनारायण ने अपनी गाडियों को स्वराज हुड्डा के पास स्टाक में खडी कर रखी थी। 6 अप्रैल को शिवनारायण को अपनी गाडियों से करीब 2510 लीटर डीजल व तीन बैटरिया चोरी हुई मिली। जांच के दौरान 7 अप्रैल को आरोपी अंकित निवासी मोरखेडी को गिरफ्तार किया गया है।

## नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



भारत विकास परिषद रोहतक शाखा द्वारा भारतीय नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शक्ति आराधना के साथ सभी के मंगल की कामना की गई। मुख्य अतिथि मामनचंद गुप्ता भिवानी रहे। उन्होंने बताया की 22 जनवरी राम मंदिर निर्माण के बाद हिंदू का स्वाभिमान जाग गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष उत्तर क्षेत्र 2, भारत विकास परिषद विनीत गर्ग ने की। उन्होंने स्व का बोध एवं परिवार प्रबोधन के बारे में बताया और तीन पी पेड़, पानी के संरक्षण एवं प्लास्टिक से बचने पर जोर दिया। प्रवीण गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष हरियाणा मध्य प्रांत व राजीव मलिक ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज उत्थान के कार्यों में अग्रसर रहती है। शाखा अध्यक्ष रमन गुप्ता व कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र गोयल ने अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कलाकारों ने अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कलाकार गगन हरियाणवी ने भारत में हरियाणा गीत प्रस्तुत कर मंच को देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत कर दिया। मंच संचालन गीता गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के सहसंयोजक अशोक गुप्ता, विजय जैन, विक्रांत शर्मा, सचिव विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश सेतिया, महिला संयोजिका रिचा कपूर, शमशेर प्रकाश गोयल, सुरेश बंसल, मंजू बिंदल, सतीश कत्याल, दिनेश बिंदल, गणपत राय गोयल, रमेश गोयल, लोकेश जैन आदि मौजूद रहे।

## आल इंडिया खुराना परिवार संगठन ने की भोजन सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आल इंडिया खुराना परिवार संगठन द्वारा विभिन्न अवसरों पर लंगर भोजन वितरण सेवा, जल सेवा, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर आदि निस्वार्थ सामाजिक कार्य किए जाते हैं। प्रत्येक अमावस्या पर शहर में भोजन सेवा, फल सेवा, जल सेवा का आयोजन किया जाता है। इसी के मद्देनजर सोमवार को सोमावती अमावस्या के अवसर पर पुराना आईटीआई ग्राउंड पर भोजन सेवा, फल सेवा एवं जल सेवा का आयोजन किया गया। इस मौके पर संगठन के प्रधान महेंद्र खुराना, नरेंद्र खुराना, योगेश कुमार खुराना, गोबिंद राम खुराना, हरजिंदर खुराना, महेश खुराना, अनिल खुराना, राज कुमार खुराना, केशव खुराना, बलदेव खुराना, अंजु खुराना, अलका खुराना आदि मौजूद रहे।

## रथ यात्रा निकाली, भगवान आदिनाथ की संगीतमय महाआरती भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



भगवान आदिनाथ दिगम्बर जैन ट्रस्ट द्वारा भगवान आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र रानीला गांव में आदिनाथ देव जन्म कल्याणक महामहोत्सव एवं विशाल रथ यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर के दर्शन कर मन्नतें मांगी। मंच संचालन राजेश जैन, डॉ. एमके जैन व राजीव जैन ने किया। भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवज्जलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया। सांस्कृतिक समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। स्कूली बच्चों ने भजनों की प्रस्तुति देकर सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ की संगीतमय महाआरती की। श्री भगवान ऋषभदेव की मंदिर प्रांगण में रथ यात्रा निकाली गई। समाज सेवी विजय जैन ने यात्रा को धर्म की झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं ने श्रीजी के रथ को अपने कंधों पर रखकर सारथी बनकर पूरे परिसर की फेरी लगाई। रथ यात्रा में श्रद्धालु अलग अलग टोलियां बनाकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। रथ यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर पूरे मंदिर की एक परिक्रमा देकर वापिस रनीला मंदिर पहुंची, जहां पर श्रीजी का इन्द्रों द्वारा अभिषेक किया गया।

## 13 अप्रैल को होगी राज्यस्तरीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा की सोमवार को यूनियन कार्यलय में सुरेश नहरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसका संचालन रोहित देशवाल ने किया। डिपो प्रधान सुरेश नहरा ने बताया कि यूनियन की 13 मार्च को राज्य स्तरीय बैठक रोहतक में की जाएगी। जिसमें सरकार की कर्मचारी व विभाग विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी आंदोलन बारे विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में करनाल व हिसार सेंट्रल वर्कशॉपो को बंद करने की योजना की निंदा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गत 23 जून 2023 को मानी गई मांगो को लागू नहीं किया गया है। वहीं मीटिंग में चालक परिचालकों के महीने में 10 रात्रि ठहराव करने की भी निंदा की गई।

## जीवन में सफलता का कोई भी शॉर्टकट नहीं: डॉ. वीना

# आईसी कॉलेज में 1600 छात्राओं को मिली डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



**रोहतक।** दीक्षांत समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करती डॉ. वीना कुमारी व प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय अलेवा।



**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह में अपनी डिग्री ने आई छात्रा अनुराधा।

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथी डॉ. वीना कुमारी प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय अलेवा जींद एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी जींद रही। दीक्षांत समारोह में 1600 छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि दी गई, जिसमे कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि संकायों की छात्राएं शामिल रही। डॉ. वीना के बताया कि जीवन में सफलता का कोई भी शॉर्टकट नही हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपनी कम्यूनिकेशन स्किल्स बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इसी महाविद्यालय की नॉन मेडिकल संकाय की छात्रा रही हैं तथा शिक्षक के रूप में इसी महाविद्यालय से अपना सफर शुरू किया।

#### महाविद्यालय का नाम रोशन करें

डॉ. वीना ने छात्राओं को कहा कि डिग्री प्राप्त करने के बाद महाविद्यालय के ब्रांड अम्बेसडर के रूप में कार्य करना है तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करना है। इस दौरान छात्राओं के साथ अविभावक भी मौजूद रहे। महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत से महाविद्यालय की छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महाविद्यालय व परिवार का नाम रोशन करेंगी।मंच संचालन डॉ. किरण शर्मा ने किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. सुमन, डॉ. मीनू नैन, डॉ. सविता ठाकरान, डॉ. वीना सचदेवा, कार्यकर्म संयोजिका डॉ. दीपक मालिक, डॉ. ज्योति, डॉ. प्रवीन खत्री, डॉ. सुभाष बल्हारा, डॉ. बिंदु, डॉ. फूल कुमार, डॉ. निशा, डॉ. अनिता सिंघल, डॉ. रेणु हुड्डा, डॉ. नरेश, बसंत कुमार, डॉ. सुशीला, डॉ. प्रद्युमन, डॉ. निर्मला कायत आदि उपस्थित रही।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel.:- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

**खबर संक्षेप**

## महम में भाजपा की रैली आज

**महम।** मंगलवार को महम की नई अनाज मंडी में भाजपा की रैली है। इस रैली को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा के रोहतक लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा व राधा अहलावत समेत पार्टी के कई नेता संबोधित करेंगे। सोमवार शाम को भाजपा के स्थानीय नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने रैली स्थल पर पहुंचकर रैली तैयारियों का जायजा लिया।



## भाषण प्रतियोगिता में संजना ने मारी बाजी

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में स्वीप के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय वोट का महत्व रहा। प्रतियोगिता स्वीप कमेटी के कन्वीनर प्रवीण गोयल व राजनीतिक शास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. विकास खोखर की देख रेख में हुई।निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. वेद प्रकाश व डॉ. पूनम ने निभाई। प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा ने बताया कि लोकतंत्र में वोट का अत्यधिक महत्व है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजना, द्वितीय स्थान विजय कुमार तथा तीसरा स्थान राखी ने प्राप्त किया।



## राजकुमार ने हैदराबाद में जीता गोल्ड मेडल

**रोहतक।** शहर के वर्धमान इनक्लेव में रहने वाले वेटरन टेबल टेनिस खिलाड़ी राजकुमार शर्मा ने नेशनल मास्टर चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। इन्होंने हैदराबाद में आयोजित 30वीं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में ये उपलब्धि हासिल की है। राजकुमार ने उड़ीसा, मध्यप्रदेश, चंडीगढ़ और तेलंगाना की टीम को हराया है। इस मौके पर आयोजित सेरेमनी में अर्जुन अवार्डी मोनालिसा ने राजकुमार को सम्मानित किया।

प्रोपर्टी आईडी की खामियां नगर निगम के साथ-साथ लोगों का सिर दर्द बनी

# शहर में 9 जगहों पर कैंप लगाए गए, सर्वर रहा डाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रोपर्टी आईडी की खामियां नगर निगम के साथ-साथ लोगों का सिर दर्द बनी हुई है। निगम बार-बार आईडी ठीक करवाने के लिए कैंप लगा रहा है। सोमवार को भी शहर में 9 जगहों पर कैंप लगाए गए। इनमें अलग-अलग तरह की शिकायतें आई। किसी का नम गलत था तो किसी की आईडी प्रमाणित नहीं थी। किसी की प्रोपर्टी आईडी में डेवलपमेंट चार्ज ही अपडेट नहीं था। गांधी कैंप में आए व्यक्ति ने बताया कि वे 15 साल से डेवलपमेंट चार्ज जमा करवा रहे हैं, लेकिन आईडी में अब तक ठीक नहीं हो पाया। इस कारण बार-बार बिल ज्यादा दर्शाया जा रहा है। नगर निगम के कर्मचारियों ने उनकी समस्या का समाधान करवाया। दूसरी ओर ऐसे लोगों को फोन करके बुलाया गया था जिनी आईडी प्रमाणित नहीं थी। सेक्टर-1 के हाउसिंग बोर्ड से आए संजय ने बताया कि उनके पास फोन आया था और आईडी प्रमाणित करने की बात कही गई थी। कैंप में जाने के बाद उनकी प्रोपर्टी आईडी प्रमाधित की गई।

### उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

दूसरी प्रोपर्टी आईडी ठीक करने वाला सर्वर भी करीब 20 मिनट तक डाउन रहा। इससे उपभोक्तओं को परेशानी हुई और गांधी कैंप में लाइन लग गई। लेकिन 20 मिनट के बाद ही सर्वर ठीक हो गया था।

### ओटीपी देने से डर रहे लोग

प्रोपर्टी आईडी ऑनलाइन ठीक हो रही है। नगर निगम के कर्मचारी प्रोपर्टी आईडी ठीक करने के लिए उपभोक्ता का मोबाइल नंबर का प्रयोग करते हैं। आईडी ठीक करते सम एक ओटीपी उपभोक्ता के मोबाइल पर जाता है, लेकिन यह ओटीपी देने से लोग डर रहे हैं। ऑनलाइन फ्रॉड का डर लोगों को सताने लगता है। लोग नगर निगम में खुद जाकर आईडी ठीक करवाना ही सही तरीका मानते हैं। ये भी एक कारण है कि नगर निगम को आईडी अपडेट करने में परेशानी हो रही है।



**रोहतक।** नगर निगम के अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए डीसी और नगर आयुक्त अजय कुमार। फोटो : हरिभूमि

**एक व्यक्ति बैठा था :** जाट भवन में कैंप लगाया गया, यहां सिर्फ एक व्यक्ति कंप्यूटर पर बैठा था। यह कर्मचारी भी लोगों से उनका नाम, मोबाइल फोन नंबर और खामी पूछ रहा था। आईडी में मोबाइल फोन नंबर और नाम ठीक है तो आईडी की खामियां ठीक करवाने के लिए उसे आगे फोरवर्ड किया जा रहा है। जाट भवन में लगाए गए कैंप में करी 15-20 लोग आए।

### आयुक्त बोले, आरडब्ल्यूए, सोसायटी, मार्केट ऐसो. का सहयोग लें

**रोहतक।** डीसी और नगर आयुक्त अजय कुमार ने नगर निगम और नगर पालिकाओं के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के कार्य में तेजी लाई जाए। वार्ड अनुसार कार्य योजना तैयार कर कार्य करवाया जाए। इस कार्य में आरडब्ल्यूए, सोसयटी, मार्केट ऐसोसिएशन का सहयोग भी लिया जाए। वर्तमान में भी नगर निगम की टीमो द्वारा भी सम्पत्ति की सूचना खुद प्रमाणित करवाने का काम किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी विभागों की सम्पत्तियों की सूचना भी स्वतः प्रमाणित करवाई जाए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विजय सिंह, अंकिता वर्मा, मंदीप धनखड़, अमित कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी देवेन्द्र, नगर पालिका सचिव नरेन्द्र सैनी, प्रदीप कुमार और नवीन कुमार मौजूद रहे।

**10 अप्रैल को यहां लगाए जाएंगे कैंप**

| वार्ड | स्थान |
|---|---|
| 3 | श्री राम धर्मशाला, नजदीक पुराना बस स्टैंड |
| 6 | सति भाई साई नाथ आश्रम, नजदीक पंजाबी शिव धर्मशाला गोहाना रोड |
| 10 | मोर वाली चौपाल, गॉव खेड़ी साध |
| 15 | बाबा मूला संत मंदिर आर्य नगर |
| 22 | सरकारी स्कूल मैन अड्डा सुनारियां कलां |

**यहां-यहां लगाए गए कैंपः** वार्ड-2 के लिए सरकारी स्कूल इन्द्रा कॉलोनी, वार्ड-5 के लिए अम्बेड़कर धर्मशाला, 10 के लोगों की प्रोपर्टी आईडी दादा बिशादे मंदिर बलियाणा गांव में ठीम गई है। इसी तरह वार्ड-11 के लिए जाट भवन, 12 के लिए तिलक नगर धर्मशाला, 14 के लिए मातुराम कम्युनिटी सेंटर, गांधी नगर, 17 के लिए श्री राम धर्मशाला कैंप लगाया गया।

# नया बांस का स्कूल चोरों के निशाने पर, महीने में दूसरी चोरी की वारदात

## ग्रामीणों ने ताला जड़ लगाया जाम, पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गांव नया बांस स्थित राजकीय हाई स्कूल में रविवार की रात को अज्ञात व्यक्ति लाखों रुपये की बैटरी चोरी कर ले गए। एक महीने के दौरान स्कूल में यह दूसरी बार चोरी है। बार-बार हो रही चोरी को लेकर ग्रामीणों ने स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया। इस दौरान विद्यार्थी सड़क पर आ गए और प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया। वहीं स्कूल के सामने सांपला-सोनीपत रोड पर जाम लगा दिया। जिसके बाद पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। वहीं करीब 30 मिनट तक रोड जाम रहा। सांपला थाना के एसएचओ सुलेंद्र मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद रोड खोला गया।

इस दौरान पुलिस प्रशासन ने स्कूल और ग्रामीणों को जल्द से जल्द ही स्कूल में सीसीटीवी कैमरे और चौकीदार की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने स्कूल प्राचार्य रमेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज करके अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

बता दें कि गांव नया बांस के राजकीय उच्च विद्यालय का स्टाफ शनिवार को छुट्टी के बाद बंद करके गए थे। जब सोमवार सुबह पहुंचे तो स्कूल से करीब 19 बैटरी चोरी हुई मिली। वहीं कमरे के ताले टूटे हुए थे। इससे पहले भी एक बार स्कूल में चोरी हो चुकी है। जो रविवार की छुट्टी के दौरान हीं हुई थी। दूसरी बार चोरी होने के कारण स्कूल पर ताला लगाकर रोड जाम कर दिया। साथ ही मांग की कि चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।



### आरोपियों को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार

स्कूल में चोरी के बाद रोडजाम की सूचना मिली थी। रोड जाम खुलवा दिया है। अब शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। स्कूल से बैटरी चोरी करने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। स्कूल में चौकीदार नहीं है। जिसके कारण चोरी की वारदात हो रही हैं।

**-सुलेंद्र सिंह,** थाना प्रभारी, सांपला

### लाखों रुपये की बैट्री चोरी

स्कूल के कार्य वाहक हैडमास्टर रमेश ने बताया कि 24 दिसंबर 2016 को भी स्कूल में लाखो रुपये की चोरी हुई थी। चोरी करने वालों को पुलिस आज तक पकड़ नहीं पाई। वर्ष 2019 में चौकीदार कम स्वीपर रिटायर्ड होने के बाद से ही स्कूल में चौकीदार की जगह खाली है। चोरी हुई बैटरियों की कीमत लाखों रुपये में हैं। जब स्कूल का स्टाफ सुबह स्कूल में पहुंचा तो इस चोरी का पता लगा।

### जाम के कारण लोगों को हुई परेशानी

शिक्षकों ने कहा कि स्कूल में चौकीदार की व्यवस्था नहीं है। तभी ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल में सीसीटीवी कैमरे और चौकीदार की व्यवस्था होनी चाहिए। अधिकारी द्वारा आश्वासन देने के बाद जाम खोल दिया गया।बताया करीब आधा घंटे तक मार्ग जाम रहा। जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी।

## एमडीएन की शामभवी ने बॉक्सिंग में जीता सोना

**रोहतक।** एमडीएन विद्यालय की दसवीं अचीवर्स कक्षा की छात्रा शांभवी ने रोहतक में ही 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलने वाली खेलो इंडिया राज्य स्तरीय सब जूनियर महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया है। शांभवी ने 64 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा की माही को 5-0 से हराकर ये उपलब्धि हासिल कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है। स्कूल के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार ने शांभवी को सम्मानित किया और भविष्य में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल मानव जीवन में सहनशीलता, टीम भावना व संघर्ष करने के गुण जागृत करता है। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर राहुल सहगल, पिंकी लांबा, सुदेश दहिया, मंजू शर्मा आदि मौजूद रहे।


**रोहतक।** छात्रा शांभवी को सम्मानित करते स्कूल के एडमिन डायरेक्टर कृष्ण कुमार। फोटो : हरिभूमि

## राजकीय कॉलेज सांपला में मतदान की ली शपथ



**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय सांपला में सोमवार को स्वीप एक्टिविटीज के दौरान सभी नए मतदाताओं ने शपथ ली और प्रण किया कि आने वाली 25 मई को देश के लोकतंत्र के हित में किसी लालच, जाति, वर्ग या भाषा के दबाव में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने विवेक से, सोच समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और सबसे समर्थ प्रत्याशी के पक्ष में अपना मत डालें। यह शपथ नोडल अधिकारी डॉ. दीपक लठवाल के नेतृत्व में सभी मतदाताओं ने ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

## वैश्य महिला कॉलेज में हुआ व्याख्यान का आयोजन

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉक्टर सुहास कीर्ति सिंगला ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके कारण तथा उसके बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. चारू गुप्ता ने पेट में होने वाले स्वास्थ्य संबंधी विकार उनके कारण तथा उनकी रोकथाम के उपाय के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता ने अतिथि प्रवक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. श्वेता गुप्ता व किरणबाला के द्वारा किया गया।

## एसजेके कॉलेज में विस्तार व्याख्यान का आयोजन



**रोहतक।** सत जींदा कल्याणा कॉलेज, कलानौर में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रेड रिबन व वाईआरसी के तत्वावधान में एचआईवी पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विस्तार व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. सतीश नरवाल रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को इस वर्ष 2024 की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के बारें में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआईवी की रोकथाम कारण व परिणाम के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने बताया कि युवा हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है और विद्यार्थियों को प्राचार्य ने नेको एप व नेशनल टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी दी। इस मौके पर लक्ष्मी, उर्मिल दलाल, डॉ. उमेश कुमार, हरीश चन्द्र, डॉ. कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

## ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने किया वार्षिक निरीक्षण



**रोहतक।** फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक का एनसीसी ग्रुप हैडक्वाटर रोहतक ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरबीर सिंह युद्ध सेवा मेडल, सेना मेडल ने वार्षिक निरीक्षण-2024 के अंतर्गत दौरा किया। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल केएस बुधवार, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनबीर सिंह धनखड़ ने बटालियन परिसर पहुंचने पर उनका स्वागत किया। एनसीसी कैडेट द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सलामी दी गई। ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने विभिन्न स्कूल व कॉलेज से एएनओ व सीटीओ से अपने विचार विमर्श सांझा किए हैं।


**रोहतक।** हॉस्टल पर ताला लगा कर विरोध प्रदर्शन करते हुए छात्र नेता दीपक धनखड़ व अन्य।

## मूलभूत जरूरतें पूरी करवाने के लिए एमडीयू छात्रों ने हॉस्टल गेट पर लगाया ताला

**रोहतक।** सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के हॉस्टल में रहने वाले छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर हॉस्टल पर ताला लगा दिया। विरोध की अगुवाई करते हुए छात्र नेता दीपक धनखड़ ने बताया कि काफी लंबे समय से हॉस्टल में पानी और बिजली की समस्याएं से छात्र जूझ रहे हैं। पीएचडी व अन्य हॉस्टल में तो एक फ्लोर पर वाटर कूलर ही नहीं है। सभी ब्यॉज हॉस्टलों में पार्क की लाइट पिछले एक साल से खराब पड़ी है। एक अन्य छात्र नेता अमन अलाडिया व कपिल बुखर ने बताया कि हॉस्टल में स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगी हुई है। पिछले काफी समय से हॉस्टल में पीने के पानी की सुविधाएं दूरस्थ नहीं है। शोधार्थी कुलदीप , मोनू , सुधीर व मंजीत ने बताया कि हॉस्टल की पार्किंग पर शेड नही लगे हुए। विद्यार्थियों के वाहन पूरे दिन धूप में खड़े रहते हैं। जिससे उन्हें नुकसान होता है। प्रशासन ने सभी हॉस्टल में शेड लगवाने की मांग छात्रों ने की है। इस मौके पर छात्र मनोज , देव , कपिल ने कहा कि किसी भी हॉस्टल में आरओ ठीक से काम नहीं कर रहे।

# घर से खेलने के लिए गए दो सगे भाई नहर में डूबे, एनडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिवाजी कॉलोनी एरिया में घर से खेलने के लिए गए दो सगे भाई संदिग्ध हालात में लापता हो गए थे। पुलिस जांच के अनुसार दोनों भाई नहर में डूबे हैं। दोनों भाइयों की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम जुटी हुई है। लेकिन अभी तक टीम के हाथ खाली हैं। दोनों भाई खेलने के लिए घर से निकले थे। लेकिन वे खेलने के बाद नहर में नहाने के लिए चले गए। उसके बाद से दोनों भाईयों का कुछ पता नहीं लगा है। फिलहाल दोनों की तलाश की जा रही है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव जांडखेड़ा निवासी मोनू ने बताया कि वह फिलहाल रोहतक की न्यू जनता कॉलोनी में परिवार के साथ रहता है। उसका बड़ा बेटा करीब 15 वर्षीय हिमांशु व छोटा बेटा करीब 12 वर्षीय निकित है। उन्होंने बताया कि रविवार को उसके दोनों बेटे सुबह करीब 11 बजे खेलने के लिए घर से गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। जब दोपहर बाद करीब 3 बजे तक जब बच्चे घर नहीं आए तो परिजनों ने उनकी तलाश आरंभ कर दी। लेकिन कहीं पर कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। दोनों बच्चे लापता होने के बाद परिवार भी दुखी है और उन्हें खोजने के लिए हर प्रयास कर रहा है। वहीं, शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने केस दर्ज करके बच्चों की तलाश शुरू कर दी।


रोहतक। नहर में तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम। फोटो : हरिभूमि

### कोई सुराग नहीं लगा

हिमांशु व निकित घर से खेलने निकले। इसके बाद दोनों बच्चे नहर में नहाने के लिए चले गए। जो पानी का बहाव तेज होने के कारण डूब गए। इसका पता लगते ही एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया। वहीं पुलिस दोनों बच्चों की एनडीआरएफ टीम के साथ नहर में तलाश में जुटी है। **अनिल कुमार**, जांच अधिकारी, शिवाजी कॉलोनी,

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### सांघी में कारगिल के शहीद समुंद्र सिंह की स्मृति में प्रतियोगिता

# कबड्डी में 44 टीमों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस द्वारा युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए युवाओं को खेलो के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा खेल प्रतियोगिता कराकर युवाओं को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत गांव सांघी में कारगिल शहीद समुंद्र सिंह हुड्डा की स्मृति में जिला पुलिस व युथ क्लब, कृष्ण, रविंद्र, रामफल इत्यादि के सहयोग से बडे स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र फौगाट ने बताया कि गांव सांघी में कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। जिसमें लड़के, लड़कियों व बच्चों समेत कुल 44 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रथम आने वाली टीम को एक लाख रुपये, द्वितीय स्थान पर रही टीम को 71 हजार रुपये व तृतीय स्थान पर रहे टीम को 31 हजार रुपये प्रदान कर सम्मानित किया गया है। नशा मुक्ति व अपराध की रोकथाम के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से उप पुलिस अधीक्षक ने खेलों में रुचि बढाने बारे जागरूक किया। गांवों में खेलों का आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी को सही दिशा दिखाना। युवा पीढ़ी को सही दिशा दिखाना पुलिस का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि खेल हमें मनोरंजन, स्वास्थ्य व संघर्ष प्रदान करने की क्षमता देते हैं। खेल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास व सामाजिक योग्यता को सुधारते है।


खिलाड़ियों के साथ उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र फौगाट व युथ क्लब के सदस्य।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया जाएगा : डॉ. मेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



इस बार 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की बैठक सोमवार को प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा की अध्यक्षता में आंबेडकर भवन नेहरू कॉलोनी रोहतक में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब का जन्मदिन 14 अप्रैल को नेहरू कॉलोनी स्थित अंबेडकर भवन में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान देसी घी का भंडारा लगाया जाएगा। बाबा साहेब के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल को कक्षा 6 से 8 व कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए भाषण, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 9 अप्रैल शाम 4 बजे तक अंबेडकर भवन नेहरू कॉलोनी में पंजीकरण करवाएं। सभी प्रतियोगिताएं डॉ. भीमराव अंबेडर के जीवन पर आधारित होंगी। 14 अप्रैल को मुख्यतिथि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, विशिष्ट अतिथि गीता भुक्कल, विशेष अतिथि शकुंतला खटक और अध्यक्षता भारत भूषण बत्तरा करेंगे।